प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 11 सितम्बर को द्विपक्षीय बैठक में शामिल होने के लिये कल वाराणसी पहुंचेंगे मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चन्द्र रामगुलाम : अपर मुख्य सचिव और डीजीपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा।
2. उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए नए संसद भवन में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न : मतगणना जारी।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को परखा : कहा– समाज के गरीब और वंचितों की सेवा का अवसर है यह पखवाड़ा।
4. लखनऊ के डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वं दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को दो डॉ0 ऑफ साइंस की मानद उपाधि। और
5. प्रदेश में बाढ़ से 31 जनपद प्रभावित : आगरा में ताजमहल के पीछे की दीवार तक पहुंचा यमुना का पानी, मथुरा में 12वीं तक के स्कूल रहे बंद।

———————————

मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चन्द्र रामगुलाम भारत की आठ दिन की यात्रा पर मुम्बई पहुंच चुक हैं। अपनी

यात्रा के दूसरे दिन मॉरीशस के प्रधानमंत्री कल वाराणसी पहुंचेंगे। काशी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और डीजीपी राजीव कृष्ण ने आज बाबतपुर एयरपोर्ट, द्विपक्षीय वार्ता स्थल और पुलिस लाइन हैलीपैड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। कार्यक्रम को देखते हुए घाटों सहित अन्य स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बताया कि आयोजन के लिए विदेश मंत्रालय के साथ जिला प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। बाइट.....

*जिला प्रशासन के द्वारा जो तैयारियाँ है वो सब की जा रही है।मुख्य रूप से जो विदेश मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। जिला प्रशासन उसमें फैसिलिटेटर के रूप में काम कर रहा है। उसमें माननीय प्रधानमंत्री जी का अभी ग्यारह तारीख को आगमन उसको लेकर सारी तैयारियां कर रहे हैं।*

———————

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतगणना जारी है और नतीजे जल्द आने की संभावना है। इससे पूर्व शाम 5 बजे मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। मतदान आज सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ। उपराष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन तथा इंडी गठबंधन के उम्मीदवार और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है। संसद के दोनों सदनों के सदस्यों ने उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए वोट डाले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट डाला।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बस्ती में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसहवा का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत हम सभी के जीवन का ध्येय होना चाहिए। इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित बस्ती, हर गांव–कस्बे को विकसित बनने की दिशा में प्रयास प्रारंभ करना पड़ेगा। श्री योगी ने कहा कि देश के समर्थ, आत्मनिर्भर व शक्तिशाली होने की शुरुआत शिक्षा से होती है। समग्र विकास के लक्ष्य में शिक्षा की अहम भूमिका है। बाइट....

*दुनिया के अंदर जब समृद्धि की चर्चा होती है और उनके द्वारा जो पैरामीटर तय होते हैं उस पैरामीटर में सबसे पहला पैरामीटर आता है। शिक्षा शिक्षा के बाद फिर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है। स्वास्थ्य के बाद कृषि और जल संसाधन प्राथमिकता दी जाती है प्रयासरत ध्यान में रखकर के किस प्रकार का विकास हो। जो पर्यावरण के अनुकूल हो ये सब तय करने के बाद ही समग्र विकास के लक्ष्यों को करने में सफल हो पाएंगे।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की कल विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होने वाला यह सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों का आयोजन नहीं है, बल्कि समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की सेवा का सुअवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, 'वोकल फॉरलोकल' के तहत मेले– प्रदर्शनियाँ, युवाओं के बीच खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिताएँ, मैराथन और प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी जैसे विविध कार्यक्रम सभी जनपदों में आयोजित किए जाएँ।

————————

विदेश मंत्रालय ने नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के बीच वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को नेपाली अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। मंत्रालय ने बताया कि भारत, नेपाल के घटनाक्रमों पर नजर रखे हुए है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

इस वर्ष स्वाधीनता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली से पहले वस्तु और सेवाकर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्ति संगत बनाने की मंजूरी दी। आज हम कॉस्मैटिक्स यानि सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों को बतायेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जीएसटी में सुधार आम आदमी पर केंद्रित हैं और 22 सितम्बर से लागू होंगे।

*सौंदर्य वस्तुओं पर जीएसटी दर 18ः से घटाकर 5 प्रतिशत करदी गई है जिससे हेयर ऑयल, शैंपू, शेविंग क्रीम, तथालोशन, टूथपेस्ट, टेलकम पाउडर, और फेस पाउडर जैसे रोजाना इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। वहीं टूथ पाउडर पर भी जीएसटी दर 12ः से घटकर 5ः हो गई है। जीएसटी में इन सुधारो से अब सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं उपभोक्ताओं को काफी किफायती दर पर मिलेंगी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उपभोक्ताओं ने जीएसटी में हुए सुधार का स्वागत किया है। मैं एक कॉलेज स्टूडेंट हूं और मैंघर से बाहर रह रही हूं। तो हमारी एक फिक्स पॉकेट मनी होती जिसमें हमें बहुत सारी चीजें लेनी होती है। हमारा एसेंशियल आइटम जैसे शैंपू, फेस पाउडर, टेलकम पाउडर और मेकअप*

*प्रोडक्ट वगैरा भी लेने पड़ते हैं तो हमारा बहुत सारा खर्चा हो जाता है। जीएसटी ड्रॉप होने से हमें बहुत फायदा हुआ है जिससे हमारी पॉकेट मनी बचेगी। जीएसटी परिषद के इस कदम से भारत के सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी। रोहन के साथ दिलनशी आरजू आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

—————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ स्थित डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वं दीक्षांत समारोह में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को डॉ0 ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने संकल्प लिया है। इस संकल्प में तकनीक और विज्ञान की विशेष भूमिका है। बाइट.....

*हम सबका सौभाग्य है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम सब ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को तकनीक और विज्ञान की शक्ति से जोड़कर उसे मूर्त रूप दिया है। माननीय प्रधानमंत्री जी का दृष्टिकोण केवल विकास की रफ्तार बढ़ाना नहीं है बल्कि भारत को नवाचार और उदतिमा का वैश्विक केंद्र बनाना है।*

समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने अंतरिक्ष के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने एकेटीयू में आने वाले दिनों में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन स्पेस बनाय।

*डिग्री तो कन्फर की गयी है बहुत बड़ा एकोनर है यूनिवर्सिटी की तरफ से मेरे लिए बट जिस चीज़ से मैं ज्यादा उत्साहित हूँ ये है की यूनिवर्सिटी ने एग्री किया है कि वो सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्पेस खोलेंगे जिसमें बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वो इंडस्ट्री में डायरेक्टली जाके जिस स्किल सेट की जरुरत है वो सीख के जाये ताकि उन्हें दोबारा से वहां जाके सीखना ना पड़े। तो मुझे लगता है ये हमारे जो स्पेस विजन है देश का उसमें बहुत मदद करेगा कि बच्चे तैयार होके निकलेंगे और इंडस्ट्री में एब्जॉर्ब होंगे इसरो में एब्जॉर्ब होंगे और हमे जो काम करने है वहाँ तक हमें ले जाने में हमारी मदद करेंगे।*

——————————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं, जिससे प्रदेश के 31 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुरनगर, गाजीपुर, बलिया में गंगा नदी, मथुरा, आगरा, इटावा में यमुना, शाहजहांपुर में रामगंगा नदी, और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर में बाढ़ से घिरे 60 गांवों में सैकड़ों बीघा फसलें डूब गई हैं। मथुरा में बाढ़ के चलते 12वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित रहा। आगरा में यमुना नदी का पानी ताजमहल के पीछे की दीवार तक पहुंच गया है।

सरकार की तरफ से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है।

(समाप्त)